पर बसना चाहें उनको हथियार दिए जाएंगे या ऐलान के अलावा सरकार ने प्रेक्टिकल कदम भी इन दिशा में उठाए हैं ?

**श्री त्यागी** : ऐसी स्कीमें थी। लेकिन आपने कहा कि कुछ लोग गुम हो गए हैं, उनका पता नहीं लगता। उनके बारे में मुझे इत्तला नहीं है। मैं इसका पता करूंगा। इसका आप मुझे नोटिस दे दें।

**श्री गुलशन** : मेरे पास यह लिस्ट है अगर वे चाहेंगे तो मैं उसे दे दूंगा।

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य उसे दे दें।

**श्री गु० सि० मुसाफिर** : मैं जानना चाहता हूं कि लाहौर सैक्टर यानी सुलेमानकी हैडवर्क्स से लेकर डेरा बाबा नानक तक कितने लोग डिस्प्लेस्ड हुए हैं, उनमें से कितने कैम्प्स में मौजूद हैं और कितने दूसरी जगहों पर रह रहे हैं ? जो कैम्प्स में रहते हैं उनके वास्ते क्या क्या इन्तजाम किये जा रहे हैं इसके बारे में मैं डैफनिट इनफोरमेशन चाहता हूं। उनके खाने के लिए, उनके बच्चों की तालीम के लिए, उनकी दवाई दारू के लिए क्या क्या इन्तजाम इस वक्त तक गवर्नमेंट की तरफ़ से हो चुके हैं ?

**श्री त्यागी** : जैसा मैंने अर्ज किया पंजाब में 42 हजार के करीब व्यक्ति विस्थापित हुए हैं। उन के खाने, पीने का इन्तजाम किया जा रहा है। खाने के लिए उन को 16 किलोग्राम माहवार के हिसाब से गेहूं वगैरह का इन्तजाम किया गया है और उनको 18 रुपया माहवार उनके और दीगर मामूली फालतू खर्च के वास्ते उनको नकद दिया जा रहा है। बच्चों के लिए 9 किलो माहवार अन्न और 9 रुपया माहवार नकद उनके खर्च के वास्ते दिया जा रहा है। जैसा मैंने कहा रजाइयों और दरियों का इन्तजाम कर दिया गया है। तम्बुओं का इंतजाम भी कर दिया गया है। इस के अलावा जब वह अपनी जगह पर जायेंगे तो उन को मकान आदि बनाने में मदद देने के वास्ते मैंने पहले ही कह दिया है।

**श्री गु० सि० मुसाफिर** : एक छोटा सा सवाल और मैं आप की इजाजत से . . .

**अध्यक्ष महोदय** : बस हो चुका। सवाल नम्बर 91।

### Peace Talks with Naga Rebels

+

*91. **Shri Yashpal Singh:**
**Shri P. R. Chakraverti:**
**Shri P. C. Borooah:**
**Shri Bhanu Prakash Singh:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**
**Shrimati Renuka Barkataki:**
**Shri Hem Barua:**
**Shri D. J. Naik:**
**Shri Kishen Pattnayak:**
**Shri Bagri:**
**Shri Madhu Limaye:**
**Shri Kapur Singh:**
**Shri P. K. Deo:**
**Shri Solanki:**
**Shri Narasimha Reddy:**
**Shri Rameshwar Tantia:**
**Shri Himatsingka:**
**Shri Prakash Vir Shastri:**
**Shri Jagdev Singh Siddhanti:**
**Shrimati Tarkeshwari Sinha:**
**Shri Shree Narayan Das:**
**Shri D. C. Sharma:**
**Shri Vidya Charan Shukla:**
**Shri Ravindra Varma:**
**Shri P. Venkatasubbaiah:**
**Shri Indrajit Gupta:**
**Dr. Ranen Sen:**
**Shri Dinen Bhattacharya:**
**Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri Jashvant Mehta:**
**Shri Sidheshwar Prasad:**
**Shri Ram Sewak Yadav:**
**Shri Kajrolkar:**
**Shri R. S. Pandey:**
**Shri Rajeshwar Patel:**
**Shri S. N. Chaturvedi:**
**Shri V. B. Gandhi:**
**Shri Hem Raj:**
**Shri Vasudevan Nair:**
**Shrimati Jyotsna Chanda:**
**Dr. Mahadeva Prasad:**
**Shri Bade:**
**Shri Hukam Chand Kachhavaiya:**
**Shri S. M. Banerjee:**
**Shri Yogendra Jha:**

**Shri R. Barua:**
**Shri Bibhuti Mishra:**
**Shri N. P. Yadab:**
**Shri Linga Reddy:**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state:

(a) the further progress so far made in the establishment of peace with the Naga rebels;

(b) whether Mr. Phizo has expressed a desire to come to India; and

(c) if so, the reaction of Government thereto?

**The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Shrimati Lakshmi Menon):** (a) The period of suspension of operations has been extended upto 15th November, 1965. There has been no material progress in the talks with the Nagas since this matter was mentioned in the House last.

(b) and (c). The Peace Mission has expressed a desire for discussion with Shri A. Z. Phizo and the Government of India have intimated their willingness to extend a safe-conduct to Shri Phizo for his visit to India for this purpose.

**श्री यशपाल सिंह** : क्या सरकार ने इस बात पर गौर किया है कि मि० मि० फिजो भारत सरकार की इजाजत के बगैर इंगलैंड गये थे और बजाय इस के उन पर मुकद्दमा चलाया जाता उन को बराबर की टेबुल पर बिठला कर बातचीत करना सारे देश के लिए लज्जाजनक है या नहीं है ?

**Shrimati Lakshmi Menon:** The Government is aware of these things and the question has been answered on more than one occasion. In the interest of peace it is necessary to extend to him a safe conduct.

**श्री यशपाल सिंह** : क्या मैं यह जान सकता हूं कि जब कि वहां हमारी सरकार बाकायदा चल रही है और नागालैंड बाकायदा उस तरीके से काम कर रही है जैसे कि पंजाब या उत्तर प्रदेश की सरकारें करती हैं तो बजाय इस के कि उन से शांति वार्ता की जाय उन नागा विद्रोहियों को दबाया क्यों नहीं जाता उन नागाओं के दांत क्यों नहीं निकाले जाते बजाय इस के कि इस तरह से बराबर में बिठाल कर उन से बातचीत की जाय ?

**प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री)** : इस के पीछे इतिहास है और माननीय सदस्य को मुझे आशा है कि यह जानकारी होगी कि वहां एक असन्तोष है और रहा है उस के बारे में हम चाहते हैं कि सहूलियत के साथ हल कर लें । हमारी कोशिश उस तरफ है । अब उस में सफलता मिले या न मिले इस के बारे में हम क्या कह सकते हैं ?

**Shri P. R. Chakraverti:** In the context of the latest statement of Mr. Phizo that he is ready to come to free Nagaland and not to India, what further steps are being devised to see that the settlement is made with the Naga hostiles here?

**Shrimati Lakshmi Menon:** The latest statement appeared in the Press, but Government have no information about this.

**Shri M. L. Dwivedi:** Since Mr. Phizo is unwilling to come to India in spite of the safe conduct provided by the Government, may I know whether Government is thinking of advising the Peace Mission to finalise its talks without Mr. Phizo as soon as possible?

**Shri Lal Bahadur Shastri:** We have not received any information from Mr. Phizo that he would not be willing to come here. In case he does not come, then certainly we will have to review the position.

**Shri P. C. Boroozh:** May I know whether it is a fact that the Naga hostiles have been giving increased pressure on the section loyal to Nagas led by Chief Minister Shilu Ao to join the hostiles and that the new approach formula brought by Rev. Scott is nothing but some sort of a Government of Nagaland which will have the same status as Sikkim and Bhutan, outside the Indian Constitution?

**Shrimati Lakshmi Menon:** There is no pressure as such.

**Shri Hem Barua:** It was on the floor of this House that our late Prime Minister Mr. Nehru had said with regard to Mr. Phizo's political influence in Nagaland that Mr. Phizo had fizzled out, and it was on the floor of this House that our present Foreign Minister had said with respect to Mr. Phizo's projected sojourn to Peking that Mr. Phizo was a foreign national and that was why Government did not watch his movement. In the context of these two clear statements made by Government representatives on the floor of this House, may I know (a) why it is that Government propose to perpetuate and intensify and increase Mr. Phizo's political influence in Nagaland by blessing the Peace Mission's proposals to negotiate with Mr. Phizo, and (b) whether it is morally and legally correct to negotiate with a foreign national which Mr. Phizo is for a piece of territory that is indisputably a part of India?

**Shri Lal Bahadur Shastri:** It is true that Mr. Phizo is a foreign national. But the hon. Member is perhaps aware of this, and I think he was also one of those who went along with the team of M.P.'s who visited Nagaland, and on his return he felt it essential and necessary that every effort should be made to settle the matter peacefully with the hostile Nagas and others. In accordance with that advice, we have been pursuing that peaceful approach. It is almost, I think, the last demand from the hostile Nagas. We feel let us concede this also, because after that we shall be able to decide one way or the other finally. So, in this complicated situation, we felt that we should not refuse Mr. Phizo's coming here, if he really wanted to come, and have some talks on this matter.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Bad means lead to bad ends.

**श्री रामेश्वरानन्द** : अध्यक्ष महोदय, मेरा एक व्यवस्था का सवाल है। प्रधान मंत्री जी ने अभी कहा कि जो संसद् सदस्यों का दल गया था उस ने जो हम को सलाह दी थी उस के आधार पर हम काम कर रहे हैं तो क्या ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर किसी विदेशी के साथ अपने किसी प्रदेश की बात करने को राजी हो जाना इस बिना पर कि संसद्-सदस्यों ने वैसी सलाह दी थी कहां तक उचित है और बातचीत महज इसी वजह से कर रहे हैं कि संसद्-सदस्यों ने वैसी सलाह दी थी या इस में कोई और विशेषता है जिस के कि कारण आप यह बात कर रहे हैं ? अब अगर उन के (संसद् सदस्यों) के दिमाग में फर्ज कीजिये कोई खराब बात भी हो तो क्या प्रधान मंत्री जी उसे मान लेंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : आप उस का जवाब प्रधान मंत्री जी से चाहते हैं या मुझ से चाहते हैं ?

**श्री रामेश्वरानन्द** : आपके द्वारा प्रधान मंत्री जी से या फिर आप ही दे दें।

**Shri Hem Barua:** I could not follow the Prime Minister when he referred to the Parliamentary Delegation.....

**Mr. Speaker:** He has answered that already.

**Shri Shivaji Rao S. Deshmukh:** May I know Government's assessment of the hostile Nagas's refusal to prolong the cease-fire agreement, whether it is due to the increased replenishments and reimbursement of arms and supplies and the training facilities which the Nagas could have during the peace time?

**Shri Lal Bahadur Shastri:** As far as I am aware they were rather worried that we were trying to delay matters, and we were not trying to expedite discussions and talks, So, in that context, perhaps they felt that it would be better to reduce the time-limit and they suggested one month.

**Shri Kapur Singh:** I want to know whether there is any early prospect of these extremist Nagas agreeing to accept internal autonomy for Nagaland within the Indian Union.

**Shri Lal Bahadur Shastri:** This is in the talk which is going on between us. They have not given any clear indication in that regard.

**Shri Hem Barua:** On a point of order, Sir. If the Naga hostiles do not give any clear indication that they are going to function within the framework of the Indian Constitution, I think that these talks should stop.

**Mr. Speaker:** He thinks like that.

**Shri Hem Barua:** How can the Minister go on talking with these people?

**Mr. Speaker:** But what is the point of order which I should give a decision on?

**Shri Hem Barua:** You can ask them to stop the talks.

**Shri Bhanu Prakash Singh:** In view of the Prime Minister's answer just now that Shri Phizo is a foreign national, may I know the reaction of Government about his reported statement today about "my people and my country" and "I shall come only if my people ask me to come"?

**Shri Lal Bahadur Shastri:** We do not express our views on the statements which appear in the newspapers. After all, it is advisable not to express views which come in that way; of course, if it comes definitely we can certainly consider.

**श्री मधु लिमये :** प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि इस वक्त शान्ति-वार्ता आखिरी अवस्था में है और यह उन की आखिरी मांग है, इसलिए हमने इस को कुबूल किया है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस वक्त भी पाकिस्तान में नागा विद्रोहियों को फौजी शिक्षा दे कर उन को चुपके से नागा प्रदेश में भेजने का सिलसिला जारी है, यदि हां, तो उस को रोकने के लिए क्या कोशिश की जा रही है और शान्ति वार्ता पर इस का क्या असर हो रहा है ?

**श्री लाल बहादुर शास्त्री :** यह बात ठीक है कि उन्होंने पहले लोगों को वहां भेजा ह और उन्होंने वहां कुछ ट्रेनिंग वगैरह भी पाई है। इस वक्त वहां ट्रेनिंग वगैरह हो रही है, इस के बारे में मैं पक्का नहीं कह सकता, लेकिन उन की यह कोशिश जरूर रहती है कि वे वहां से मदद या सहायता लें।

**Shri Hem Barua:** 3,000 are going again.

**Shrimati Renuka Barkataki:** May I know whether Government has any idea or information about why the Naga rebel Leader, Shri Phizo, has refused the Government of India's very self-humiliating proposal for his safe conduct to this country? Why is he not willing to come here?

**Mr. Speaker:** Shri Phizo must know why he is not prepared to come here.

**डा० राम मनोहर लोहिया :** अध्यक्ष महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। एक महिला प्रश्न करने के लिये उठी थीं, इसलिये मैं ने उस वक्त मुनासिब नहीं समझा। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि प्रधान मंत्री साहब ने कहा कि मैं पक्का नहीं कह सकता कि उन नागाओं को पाकिस्तान में पल्टनी शिक्षा दी जा रही है, तो क्या वह कच्चा कह सकते हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** यह पायंट आफ आर्डर कैसे है ?

**डा० राम मनोहर लोहिया :** यह जरूरी इसलिए है कि ......

**अध्यक्ष महोदय :** यह जरूरी तो होगा, मगर यह पायंट आफ आर्डर नहीं है।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** अध्यक्ष महोदय, मैं बताता हूं कि यह व्यवस्था का प्रश्न कैसे है ?

**अध्यक्ष महोदय :** यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। मैं ने फैसला दे दिया है।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** यह कैसे व्यवस्था का प्रश्न है, क्या आप मुझे यह बताने की इजाजत देंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं, मैं ने सुन लिया है ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : क्या आप मुझे कारण नहीं बताने देंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं जी ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अच्छा ।

**Shri Indrajit Gupta**: In view of the conciliatory attitude of the Prime Minister as expressed just now in his reply to Shri Hem Barua but also keeping in view the fact that during the current truce the Naga hostiles have been carrying on their activities, what is the reaction of Government to the latest proposal of Shri Chaliha on behalf of the Peace Mission that the truce period should be extended for a further period of six months so as to permit them to carry on their efforts at settlement?

**Shri Lal Bahadur Shastri**: We have not received any such proposal from Shri Chaliha. I saw that statement of his in the newspapers this morning. We will have to consider seriously over this matter before accepting an extension by six months.

**काश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठिये**

+

*92. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** :
**श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती** :
**डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी** :
**श्री दे० जी० नायक** :
**श्री यशपाल सिंह** :
**श्री स० मो० बनर्जी** :
**श्री विद्या चरण शुक्ल** :
**श्री हरि विष्णु कामत** :
**श्री राम सहाय पाण्डेय** :
**श्री जसवंत मेहता** :
**श्री इन्द्रजीत गुप्त** :
**श्री प्र० चं० बरुआ** :
**श्री वी० चं० शर्मा** :
**श्री ब० कु० दास** :
**श्री ओंकार लाल बेरवा** :
**श्री बूटा सिंह** :
**श्री हुकम चन्द कछवाय** :
**श्री च० का० भट्टाचार्य** :
**श्री रा० बरुआ** :
**श्री गुलशन** :
**श्री विश्राम प्रसाद** :
**श्री विभूति मिश्र** :
**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** :
**श्री काजरोलकर** :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काश्मीर में बड़ी संख्या में प्रवेश कर के आये हुए घुसपैठियों में से कुछ को पकड़ लिया गया है;

(ख) जम्मू तथा काश्मीर राज्य में लगभग कितने घुसपैठिये अब भी पकड़ने बाकी हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि ये घुसपैठिये राज्य में आन्तरिक विद्रोह की स्थिति उत्पन्न करते रहते हैं; और

(घ) यदि हां, तो उन्हें निकाल बाहर करने के लिये और क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Defence (Dr. D. S. Raju)**: (a) Yes, Sir.

(b) The last estimate put the No. of infiltrators in J&K at 3,000 but one cannot be categorical about this figure for the situation continues to change. There has been exfiltration of some Pakistani personnel and one or two fresh groups have also been noticed.

(c) One of the features of the uprising has been that the infiltrators failed to create conditions of internal turmoil which was one of their main objectives. Having also been unable to inflict damage of any consequence,